NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 102 /NCRES/20

Date : 21.5.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– गार्ड लाइन बाक्स की व्यवस्था पुनः शुरू करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

वैश्विक महामारी Covid-19 के कारण भारत वर्ष में दिनांक 25.3.2020 से लाक डाउन के कारण यात्री ट्रेन परिचालन पर पूर्णतया रोक लगा दिया गया लेकिन गुड्स/पार्सल ट्रेनो का परिचालन पूर्व के समान जारी था। इस लाक डाउन पीरियड में ही प्रधान कार्यालय ने आदेश जारी कर गार्डो के लाइन बाक्स को ड्यूटी पर ले जाने के सम्बन्ध में अस्थाई रूप से रोक लगा दिया था।

अब वर्तमान समय में गाड़ियों का परिचालन (यात्री + माल) पुनः लगभग सुचारू रूप से होने लगा है परिणाम स्वरूप गार्डो को रनिंग रूम में रूकना पड़ रहा है एवं वे हेडक्वाटर 40–48 घंटे में वापस आ रहे है। NCRES को यह भी बताना है कि रेल मंत्रालय की घोषणा के अनुसार 1 जून 2020 से 200 यात्री ट्रेनो का संचालन शुरू होगा, ऐसी स्थिति में गार्ड को दो लाल झण्डी, एक हरी झण्डी, ट्राई कलर टार्च, पटाखा, टेल बोर्ड, प्रेशर गेज एव स्टेशनरी आदि अति आवश्यक संरक्षा सामग्री अपने साथ ड्यूटी ले जाना होता है।

Covid-19 के कारण इस संकट के समय में गार्ड इसके अतिरिक्त अपना निजी सामान, एक लीटर सैनिटाइजर, दो सेट वर्दी, तीन लीटर पानी, दो दिन के भोजन का राशन आदि सामग्री भी साथ लेकर ड्यिूटी करने पर विवश है और इन सबको मिलाकर गार्ड लगभग 15 किग्रा. भार का सामान साथ मे लेकर चलने को मजबूर है। यह भी अवगत कराना है कि गार्ड अपने साथ सैनेटाइजर स्वयं लेकर चल रहे है एवं वे खुद ही अपने बक्सो को सैनेटाइज करने में सक्षम है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डल के समस्त हेडक्वाटर पर गार्डो के लाइन बाक्स की व्यवस्था पुनः शुरू करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करे ताकि इस संकट के समय विपरीत परिस्थितियों में कार्यरत गार्डो का असंतोष दूर किया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री